# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/10/16 – 51 ,राँची/दिनांकः 22/07/2016

**पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2016 (Para – Medical Entrance Competitive Examination – 2016) के आयोजन से संबंधित सूचना**

झारखण्ड राज्य पारामेडिकल परिषद्, झारखण्ड के पत्रांक पा॰मे॰/विविध–07/2016 – 155, दिनांक 08.06.2016, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पत्रांक 10/फार्मेसी–08–09/2015 – 148 (10) दिनांक 27.06.2016 तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 245 दिनांक 06.06.2016 के आलोक में झारखण्ड राज्य के सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थानों में पारा–मेडिकल, फार्मेसी एवं ड्रेसर पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक वर्ष 2016–17 में प्रवेश हेतु वैसे योग्य अभ्यर्थियों से, जो भारत के नागरिक होने के साथ–साथ झारखण्ड के स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं (संदर्भः कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक 7/आ0नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का॰ – 3198, दिनांक 18.04.2016) और निम्न अहर्त्ता धारित करते हैं, विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

(क) **फॉर्मेसी पाठ्यक्रम में तीन वर्षीय डिप्लोमा एवं पारा–मेडिकल पाठ्यक्रम में दो वर्षीय डिप्लोमा** (3 Year Diploma in Pharmacy Course & 2 Year Diploma course in Para Medical) – Govt. Paramedical Institute, RIMS, Ranchi/MGMMC, Jamshedpur/PMCH, Dhanbad; Govt. Pharmacy Institute, Ranchi; Hamida Paramedical Institute & Research Centre, Ranchi; Progessive Paramedical College & Hospital, Koderma; School of Paramedical Technology, Central Hospital, BCCL, Dhanbad; Al-Noor Institute of Medical Technology, Ranchi; Institute of Medical Science & Health, Gutwa Toli, Ratu, Ranchi; Institute of Education & Technology, Rudia, Ranchi; Arogyam Hospital & Research Pvt. Ltd., Jhaluwa, Garhwa; Vananchal Institute of Health Education & Research, Farathiya, Garhwa; Maa Kalawati Institute of Health Education & Research Centre, Namkum, Ranchi; Maa Paramedical Institute, Khunti, Ranchi; Arsh Nrayani Paramedical College & Hospital, Birsa Chowk, Ranchi; Birsa Research Institute for MEdical & Biomedical Studies, Bokaro; R.S. Roy Paramedical & Research Institute, Dumka; Tata Training College, Jamshedpur

- शैक्षणिक योग्यता – इन्टरमीडिएट विज्ञान/10+2 (Science)/समकक्ष उत्तीर्ण
- आयु सीमा – फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु परीक्षा वर्ष के 31 दिसम्बर को या उससे पहले न्यूनतम 17 वर्ष। अन्य पाठ्यक्रम के लिये कोई आयु सीमा नहीं।

(ख) **पारा मेडिकल पाठ्यक्रम में तीन वर्षीय डिप्लोमा** (3 Year Diploma in Para Medical Course) – साईन अब्दुल रज्जाक अंसारी इन्स्टीच्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एण्ड रिसर्च इरबा, राँची।

- शैक्षणिक योग्यता – न्यून्तम 35% अंक के साथ मैट्रिक/समकक्ष उत्तीर्ण।
- आयु सीमा – कोई आयु सीमा नहीं।

(ग) **ड्रेसर पाठ्यक्रम में 1 वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स** (1 Year Certificate Course in Dresser Course) – Sadar Hospital, Deoghar/Dumka/Giridih/Hazaribagh/Latehar/Gumla/Palamau/Ranchi/Sahebganj/Chaibasa/Chatra/Garhwa/Godda/Jamtara/Koderma/Lohardaga/Pakur/Seraikela/Simdega; Progessive Paramedical College & Hospital, Koderma; Hamida Paramedical Institute & Research Centre, Ranchi; Institute of Medical Science & Health, Gutwa Toli, Ratu, Ranchi; Institute of Education & Technology, Rudia, Ranchi; Arogyam Hospital & Research Pvt. Ltd., Jhaluwa, Garhwa; Vananchal Institute of Health Education & Research, Farathiya, Garhwa; Maa Kalawati Institute of Health Education & Research Centre, Namkum, Ranchi; Arsh

Nrayani Paramedical College & Hospital, Birsa Chowk, Ranchi; Birsa Research Institute for MEdical & Biomedical Studies, Bokaro; R.S. Roy Paramedical & Research Institute, Dumka; Tata Training College, Jamshedpur

- शैक्षणिक योग्यता – मैट्रिक/समकक्ष उत्तीर्ण।
- आयु सीमा – कोई आयु सीमा नहीं।

**2.** आवेदन पत्र की उपलब्धताः– अभ्यर्थी पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Downloads कॉलम से आवदेन पत्र का प्रपत्र डाउनलोड कर आवेदन कर सकते हैं। **आवेदन पत्र के उक्त प्रारूप से भिन्न कोई भी अन्य प्रारूप स्वीकार्य नहीं होगा। आवेदन पत्र काले स्याही से स्पष्ट रूप में भरें।**

**3.** फोटोग्राफः– आवेदन पत्र में निर्धारित जगह एवं दी गई घेरे के अन्दर ही हाल का खिंचाया हुआ रंगीन फोटोग्राफ जिसमें नाम एवं फोटो खिंचवाने की तिथि दर्ज हो, चिपकायें तथा चेहरे के साथ–साथ दोनों कान स्पष्ट दिखाई देने चाहिए। फोटोग्राफ संपादित (Edited) नहीं होना चाहिए, अन्यथा आवेदन पत्र रद्द कर दिया जायेगा।

**4.** परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा की तिथिः– यह परीक्षा जिला राँची के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा की तिथि की सूचना प्रवेश पत्र (Admit Card) के माध्यम से दी जाएगी।

**5.** परीक्षा शुल्कः– परीक्षार्थियों को आवेदन पत्र के साथ निम्न तालिकानुसार परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा, जो अप्रतिदेय (Non refundable) होगाः–

| क्रम सं० | शैक्षणिक योग्यता | परीक्षा शुल्क | |
|---|---|---|---|
| | | सामान्य/पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति – II | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति |
| 1. | इण्टरमिडिएट स्तरीय | ₹ 1,100 | ₹ 550 |
| 2. | मैट्रिक स्तरीय | ₹ 800 | ₹ 400 |

परीक्षा शुल्क जमा करने का तरीकाः–

**(क)** डिमान्ड ड्राफ्ट (Demand Draft):– वांछित राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट, जो "Controller of Examination, JCECEB" के पदनाम से तथा Ranchi में भुगतेय हो, **या**

**(ख)** बैंक चालान (Bank Challan):– चालान (Challan) की प्रति आवेदन पत्र के साथ उपरोक्त वर्णित वेबसाईटों पर उपलब्ध है। चालान के माध्यम से परीक्षा शुल्क, यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया के किसी भी शाखा में या किसी अन्य बैंक से यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया के खाते में जमा किया जा सकेगा।

डाउनलोड किये गये आवेदन पत्र के साथ वांछित राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट (मूल रूप में) {डिमान्ड ड्राफ्ट के पिछले पृष्ठ पर अपना नाम एवं पता अवश्य दर्ज करें} **या** बैंक चालान की पर्षद प्रति (Board's Copy) संलग्न कर **झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834010** के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। **आवेदन पत्र पर्षद कार्यालय में पहुँचने की अंतिम तिथि दिनांक 13.08.2016 (शनिवार) तक है।** प्रेषित किये जाने वाले लिफाफे के उपर मोटे अक्षर में "Para – Medical Entrance Competitive Examination – 2016" अवश्य लिखें।

**6.** परीक्षा का स्तर एवं प्रकारः– प्रतियोगिता परीक्षा वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रकार की होगी तथा सभी विषयों के प्रश्न पत्र अंग्रेजी एवं हिन्दी में उपलब्ध रहेंगे।

इण्टरस्तरीय पाठ्यक्रमः— पी॰सी॰एम॰ समूह में इंटरमीडिएट स्तरीय भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित और पी॰सी॰बी॰ समूह में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान से 50—50 प्रश्न पूछे जायेंगे।

मैट्रिक स्तरीय पाठ्यक्रमः— मैट्रिक स्तरीय गणित, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान से 50—50 प्रश्न पूछे जायेंगे।

**7. मेधा सूची**

इण्टरस्तरीय पाठ्यक्रमः— पारा मेडिकल पाठ्यक्रम हेतु दोनों समूहों यथा पी॰सी॰एम॰ एवं पी॰सी॰बी॰ समूह के अभ्यर्थियों द्वारा अर्हता रखने के कारण दोनों समूहों को मिलाकर मेधा सूची तैयार की जाएगी जो पी॰सी॰एम॰बी॰ मेधा सूची कहलायेगी। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में सर्वप्रथम भौतिक विज्ञान में प्राप्तांक के आधार पर तथा यह स्थिति भी समान होने पर रसायन विज्ञान में प्राप्तांक के आधार पर तथा उपरोक्त दोनों स्थितियाँ समान होने पर पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। सीटों का आवंटन मेधा—सह—ईच्छा के आधार पर किया जायेगा।

मैट्रिक स्तरीय पाठ्यक्रमः— कुल प्राप्तांकों के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में सर्वप्रथम गणित में प्राप्तांक के आधार पर तथा यह स्थिति भी समान होने पर विज्ञान में प्राप्तांक के आधार पर तथा उपरोक्त दोनों स्थितियाँ समान होने पर पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। सीटों का आवंटन मेधा—सह—ईच्छा के आधार पर किया जायेगा।

**8.** आरक्षणः— राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा। अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची — 1) तथा पिछड़ा वर्ग (अनुसूची — 2) के अभ्यर्थियों को का0प्र0सु0 तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक 7/जाति—19—11/2008 का॰—10007 दिनांक 29.08.2012 के आलोक में "क्रीमी लेयर" अवधारणा के समावेश संबंधित प्रपत्र में ही जाति प्रमाण—पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसका प्रपत्र http://jceceb.jharkhand.gov.in पर Downloads कॉलम पर देखा जा सकता है। अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची — 1) तथा पिछड़ा वर्ग (अनुसूची — 2) के अभ्यर्थी जो क्रीमी लेयर के अन्तर्गत नहीं आते हैं, उन्हें ही आरक्षण का लाभ देय होगा। विकलांगों के लिए निर्धारित आरक्षित सीट स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा निर्धारित विवरणी के अनुसार ही देय होगा।

**9.** अन्य आवश्यक सूचनाएँः—

- पारा—मेडिकल, फार्मेसी एवं ड्रेसर पाठ्यक्रमों की संस्थानवार/कोटिवार सीटों की विस्तृत विवरणी पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in पर Downloads कॉलम में देखा जा सकता है।
- साक्षात्कार एवं सीटों की संस्थानवार/कोटिवार विवरणी संबंधी अद्यतन सूचनाओं के लिए पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के सम्पर्क में बने रहें।
- प्रेस में मुद्रण अथवा टाइपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।

परीक्षा नियंत्रक के आदेशानुसार,

ह0/—

**(रंजीता हेम्ब्रम)**
उप परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/10/16 – 415 ,राँची/दिनांक: 22/07/2016

प्रतिलिपिः–

**विज्ञापन प्रबंधक,** प्रभात खबर/हिन्दुस्तान/हिन्दुस्तान टाइम्स/दैनिक जागरण/दैनिक भास्कर/राँची एक्सप्रेस/सन्मार्ग/आजाद सिपाही, राँची को दिनांक 23/07/2016 के दैनिक समाचार पत्रों में डी॰ए॰भी॰पी॰ दर पर छापने हेतु प्रेषित। विज्ञापन झारखण्ड के सभी संस्करणों में दी जाय।

**उप परीक्षा नियंत्रक**